दोस्त ने कराया था कॉलेज छात्र का अपहरण, शक न हो इसलिए खुद को भी पकड़वाया था

सांगानेर सदर पुलिस ने वारदात का पर्दाफाश कर अपहरणकर्ता को बापर्दा गिरफ्तार किया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । सांगानेर सदर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कॉलेज छात्र का दिनदहाडे अपहरण कर मारपीट व लूट करने वाले एक आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि पीड़ित का दोस्त ही वारदात का षड्यंत्रकारी निकला, उसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं घटना की सच्चाई साबित कराने के लिये पीड़ित के साथ षड्यंत्रकारी दोस्त ने खुद का भी अपहरण कराया था। अपहरणकर्ता गैंग की तरह काम करते हैं। फिलहाल पुलिस अन्य वारदात व सहयोगियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) जयपुर योगेश गोयल ने बताया 13 दिसम्बर को वाटिका रोड कल्लावाला चौराहा केडी पब्लिक स्कूल के पास से दो लडके

- **इस वारदात का षडयंत्र रचने वाले पीड़ित के दोस्त लोकेश जांगिड़ को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया**

सत्यनारायण मीणा और रामेश्वर गुर्जर का अपहरण व मारपीट कर भय में डालकर लूट करने वाले लोकेश जांगिड निवासी चौथ का बरवाडा जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है और साथ इस वारदात का षडयंत्रकारी रामेश्वर गुर्जर निवासी चौथ का बरवाड़ा जिला सवाई माधोपुर हाल शिवदासपुरा को भी गिरफ्तार किया है।

आरोपी युवक, पीड़ित का दोस्त है तथा वारदात को सच्ची घटना साबित करने के लिये उसने पीडित के साथ स्वयं का भी अपहरण करवाया था। आरोपित लोकेश जांगिड से पूछताछ मे ंसामने आया कि घटना का षड्यंत्र रामेश्वर गुर्जर द्वारा बनाया गया था। इस वारदात में सह आरोपित लोकेश गुर्जर और बंटी बना व रामेश्वर गुर्जर आपस में दोस्त हैं।

आरोपी रामेश्वर गुर्जर ने अपने साथी क्लासमेट सत्यनारायण की आर्थिक स्थिति मजबूत होने व कॉलेज से अपने रूम पर आने जाने का टाईम शेयर कर उक्त वारदात को करवाने के लिये स्वयं का अपहरण भी सत्यनारायण के साथ करवाने में प्लानिंग करवाई थी।

जिस पर रामेश्वर गुर्जर के बताये अनुसार सत्यनारायण व रामेश्वर का अपहरण किया था और सत्यनारायण के ऑनलाइन बैंकिंग से पैसे ट्रांसफर करवा लिए गए। उनके अन्य साथियों तलाश की जा रही है।

युवक के अपहरण में लिप्त महिला समेत चार बदमाश गिरफ्तार

जयपुर । मानसरोवर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक के अपहरण की घटना का खुलासा करते हुए अपहरण करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर अपहरण हुए युवक को दस्तयाब किया गया है। साथ ही पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त एक थार जीप जब्त की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण योगेश गोयल ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 18 दिसम्बर को विकास मीणा निवासी उनियारा जिला टोंक हाल मानसरोवर को पिस्टल दिखाकर मारपीट करते हुए अपहरण करने के मामले में पिंटु मीणा

- **आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त थार जीप भी बरामद की मानसरोवर पुलिस ने**
- **लाखों रुपये की फिरौती वसूलने के लालच में वारदात को अंजाम दिया था इस गैंग ने**

निवासी सवाई माधोपुर हाल प्रताप नगर,गायत्री मीणा निवासी फागी जिला जयपुर हाल प्रताप नगर ,कुबेर सिंह मीणा उर्फ राजू मीणा निवासी गंगापुर सिटी हाल प्रताप नगर और अमर सिंह मीणा निवासी गंगापुर सिटी हाल प्रताप नगर को गिरफ्तार किया गया है। पीडित सोशल मीडिया के मार्फत राजु पंडित और हरिमोहन मीणा के सम्पर्क में था।

पीड़ित के किसी परिचित ने नई स्कॉर्पियो गाड़ी ली थी। जिसकी नई गाड़ी के साथ पीड़ित ने रील बनाकर इन्स्ट्राग्राम पर डाल दी। जिस पर आरोपियों ने सोचा कि पीड़ित पैसों वाला है और उसका अपहरण कर पैसे मिल सकते है। इसके लिए उन्होंने अपहरण की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दे दिया।

अग्नाशय कैंसर की रोबोट से डबल बायपास सर्जरी

एस.एम.एस. के मेडिसिन डिपार्टमेंट में पहली बार हुआ बोन मेरो ट्रांसप्लांट

जयपुर । राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल के सर्जरी विशेषज्ञों की टीम ने एक मरीज के अग्नाशय कैंसर की रोबोट से डबल बायपास सर्जरी करने में सफलता प्राप्त की है।

जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ.सुमिता.ए.जैन ने बताया कि मरीज एक वर्ष से इस कैंसर से पीड़ित था। पहले उसे कीमोथैरेपी दी गई। इसके बाद गेस्ट्रोजेजुनोस्टोमी और जेजुनोस्टोमी (डबल बायपास) कर आंतों में आ रही रुकावट को दूर किया गया। मरीज अब ट्यूमर के इलाज के लिए रेडियोथैरेपी ले रहा है। सर्जरी टीम में डॉ.जैन के साथ डॉ.दिनेश शर्मा, डॉ.चरण और एनेस्थीसिया से डॉ.सुनील चौहान और डॉ.कंचन शामिल थीं। जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ.सुमिता.ए.जैन ने बताया कि मरीज एक वर्ष से इस कैंसर से पीड़ित था। पहले उसे कीमोथैरेपी दी गई। इसके बाद गेस्ट्रोजेजुनोस्टोमी और जेजुनोस्टोमी (डबल बायपास) कर आंतों में आ रही रुकावट को दूर किया गया। मरीज अब ट्यूमर के इलाज के लिए रेडियोथैरेपी ले रहा है।

वहीं एसएमएस की जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट टीम ने ब्लड कैंसर मरीज का बोन मेरो ट्रांसप्लांट किया। ये पहली बार है, जब मेडिसिन विभाग ने इस तरह का ट्रीटमेंट करके कैंसर मरीज का इलाज किया है। इस नई पहल के बाद अब ब्लड कैंसर मरीज को फायदा होगा। उनकी वेटिंग कम होगी। एलोजेनिक बोन मेरो ट्रांसप्लांट को सबसे जटिल ट्रांसप्लांट माना जाता है। एलोजेनिक ट्रांसप्लांट में मरीज के भाई या बहन से स्वस्थ स्टेम सेल्स लेकर मरीज के शरीर में ट्रांसफर किए जाते हैं। जो विकृत सेल्स का स्थान लेकर स्वस्थ रक्त सेल्स बनाना शुरू कर देते हैं। साथ ही नया इम्यून सिस्टम विकसित होता है। इसमे कैंसर विरोधी क्षमता होती है। सवाई मान सिंह अस्पताल के बोन ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ व हेमाटोलॉजिस्ट डॉ. विष्णु शर्मा ने बताया कि उनकी यूनिट में गंभीर ब्लड कैंसर से पीड़ित एक मरीज भर्ती हुआ था। डॉ. शर्मा ने बताया कि उनकी यूनिट में गंभीर ब्लड कैंसर से पीड़ित एक मरीज भर्ती हुआ था। इसे पहले कीमोथेरेपी देकर कैंसर को कंट्रोल किया। बाद में कैंसर की गंभीरता को देखते हुए बोन मेरो ट्रांसप्लांट का सुझाव दिया। डॉ. विष्णु शर्मा ने बताया कि मरीज और परिवार को इलाज की प्रक्रिया विस्तार से समझाने और सहमति के बाद ट्रांसप्लांट किया। उन्होंने बताया कि स्टेम सेल प्रत्यारोपण के बाद वाला समय बहुत संवेदनशील होता है। इसमें मरीज के ब्लड सेल्स व प्लेटलेट्स बहुत कम हो जाते हैं। मरीज को गहन देखरेख की जरूरत होती है। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है। छुट्टी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि इस ट्रीटमेंट में सीनियर प्रोफेसर डॉ. अभिषेक अग्रवाल का प्रमुख सहयोग रहा। ट्रांसप्लांट टीम के अन्य सदस्य डॉ. आशुतोष राय, डॉ. कमलेश राजपुरोहित, डॉ. कुलदीप स्त्रवता और डॉ. हर्ष सैनी की भागीदारी अहम रही।

राजस्थान में 25 लाख तक इलाज निःशुल्क : मुख्यमंत्री

जयपुर । मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आश्वस्त किया है कि राज्य में सरकारी योजनाओं के तहत पच्चीस लाख तक का इलाज निशुल्क किया जाएगा।

शर्मा ने शनिवार को जयपुर में उनसे मिले राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत को यह आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से बात हो चुकी है और निर्णय लिया जा चुका है कि राज्य में पच्चीस लाख तक का इलाज निशुल्क किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पतालों एवं मेडिकल स्टोर वालों का बकाया भुगतान करने का निर्णय भी किया जा चुका है और उनकी बकाया राशि का शीघ्र भुगतान कर आरजीएचएस एवं सरकारी योजनाओं के तहत निशुल्क इलाज को भी सुनिश्चित किया जायेगा।

शेखावत ने बताया कि उनकी मुख्यमंत्री से हुई शिष्टाचार भेंट में उन्हें अवगत कराया गया कि पिछले छह महीनों से प्रदेश में आमजन, पेंशनर्स एवं राज्य कर्मचारी निशुल्क इलाज को लेकर परेशान हो रहे हैं। राज्य

कर्मचारियों के वेतन से काटे जाने वाली करीब साढ़े चार सौ करोड़ की राशि भी उनके इलाज की बजाय अन्य मद में काम ली जा रही है जिससे राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स का कैशलैस इलाज भी बंद हो गया है। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन के बाद नर्सेज नेताओं ने उनका आभार जताया।

जयपुर में एक करोना पॉजीटिव मरीज मिला शनिवार को

शहर में पिछले तीन दिन में चार संक्रमित मिल चुके है

जयपुर । राजधानी के मालवीय नगर इलाके में शनिवार को केरोना का एक नया मामला सामने आया है। इसके साथ ही शहर में पिछले तीन दिन में चार संक्रमित मिल चुके है। वहीं प्रदेश में 11 करोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है।

जयपुर सीएमएचओ डॉ. विजय फौजदार ने बताया कि जयपुर जिले में आज केवल एक ही पॉजिटिव केस आया है। खांसी-जुकाम होने के बाद मरीज ने डॉक्टर को दिखाया था। जहां उसे कोविड जांच करवाने की सलाह दी। जांच रिपोर्ट में पॉजिटिव आने के बाद उसे होम क्वारेंटाइन रहने की सलाह दी है। इससे पहले शुक्रवार को तीन केस सामने आए थे। इन सभी मरीजों में लक्षण हल्के हैं, लेकिन लोगों को अभी सतर्क रहने की जरूरत है। अगर किसी भी व्यक्ति के खांसी, जुकाम और बुखार जैसी बीमारी हो तो उसे तुंरत डॉक्टर को दिखाकर आवश्यक सलाह लेनी चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड का नया सब वेरिएंट जेएन. 1 खतरनाक नहीं है। इससे प्रभावित ज्यादातर मरीजों में सामान्य और हल्के लक्षण ही देखने को मिल रहे हैं। कोमोरबिडिटी वाले मरीजों को ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। इसमें खासकर शुगर, हार्ट, किडनी के अलावा सांस की तकलीफ वाले मरीजों को भीड़-भाड़ वाले एरिया और हॉस्पिटल में जाने से पहले कोविड एप्रोपिएट बिहेवियर की पालना करनी चाहिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि राजकीय अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों में भी जांच, दवा, बैड, ऑक्सीजन सहित अन्य चिकित्सा सुविधाओं को परखने के लिए 26 दिसम्बर को पुनः मॉक ड्रिल की जाएगी। मॉक ड्रिल के बाद सूचनाओं को विश्लेषण कर उचित कदम उठाए जाएं। उन्होंने एसएआरआई रोगियों की सतत निगरानी रखते हुए आवश्यकतानुसार कोविड टेस्ट कराए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि को-मॉरबिड रोगियों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर की पालना के लिए जागरूक किया जाए।

सार-समाचार

पंचमेवा से सजा श्याम बाबा का दरबार



जयपुर । श्री श्याम बस सेवा समिति खाटू धाम का द्वादशम् वार्षिकोत्सव शनिवार को चांदपोल बाजार स्थित प्राचीन मंदिर श्री रामचंद्रजी में उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। पंचमेवा के बनाए गए अति आकर्षक दरबार में विराजमान श्याम प्रभु के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर संगीतमय महाआरती की गई। प्रथम पूज्य गणपति को मनाने के बाद भजन संध्या का औपचारिक शुभारंभ हुआ। समिति के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल ने बताया कि गोविंददेवजी मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी, शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज, काले हनुमान मंदिर के महंत गोपालदास महाराज, हाथोज धाम के स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज के सान्निध्य में भजन गायकों ने देर रात तक पुष्प और इत्र वर्षा के बीच श्याम प्रभु का गुणगान किया। भावपूर्ण और कर्णप्रिय भजनों की स्वर लहरियों पर श्रोता भक्ति की सरिता में डुबकी लगाते रहे। श्रद्धालुओं ने श्याम प्रभु के दरबार में प्रज्जवलित अखंड ज्योत में श्रद्धा की आहुति देकर लखदातार के समक्ष हाजिरी दी। श्याम प्रभु को छप्पन भोग अर्पित किए गए। भजन संध्या का शुभारंभ 1100 दीपकों से महाआरती के साथ हुआ। उपाध्यक्ष रवि अग्रवाल और मंत्री ओमप्रकाश अग्रवाल की अगुवाई में समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों आयोजन की बागडोर संभाली।

छात्रा-महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण

जयपुर । ग्रेटर नगर निगम जयपुर की चेयरमैन डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने शनिवार को 650 से ज्यादा महिलाओं और छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। यह आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर चौमूं स्थित एक शिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ। चेयरमैन डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि वे वर्ष 2007 से महिलाओं व छात्राओं को जूडो-कराटे जैसे अन्य आत्मरक्षा के गुर सिखा रही है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बना है।

शीतकालीन प्रशिक्षण शिविर कल से

जयपुर । यूनियन फुटबॉल क्लब जयपुर के तत्वाधान में प्रतिष्ठा स्पोर्टस स्कूल द्वारा फुटबॉल खेल का 25 दिन का शीतकालीन प्रशिक्षण शिविर रामनिवास बाग स्तिथ यूनियन फुटबॉल क्लब ग्राउंड न . 2 पर 25 दिसंबर से 20 जनवरी तक शाम 3:30 बजे से 5:30 बजे तक चलेगा। क्लब सचिव महिपाल स्वामी ने पटियाला में प्रशिक्षण लेने वाले कोच यशवर्धन शर्मा, हर्षवर्धन शर्मा और सहायक कोच विजयदीप (गौरव) को प्रशिक्षण के लिए नियुक्त किया। क्लब कोऑर्डिनेटर अभिनव स्वामी ने बताया कि क्लब कई वर्षो से ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन करता आया है, और इस वर्ष से शीतकालीन शिविर भी शुरू किया है, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के साथ उनका शारीरिक-मानसिक विकास करना है।

चाय कंपनी के ऑफिस में चोरी

जयपुर । बजाज नगर इलाके में स्थित माहेश्वरी चाय के कार्यालय में अज्ञात दो बदमाशों ने करीब 15 लाख रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी दोपहर में मिलने पर एसीपी बजाज नगर और सीआई बजाज नगर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना स्थल देखा। पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी मंदिर हॉल के पीछे माहेश्वरी चाय का कार्यालय है। इसमें देर रात दो बदमाश छत के रास्ते घुसे। इन बदमाशों ने कार्यालय में पहुंच कर वहां पर रखे लॉकर को तोड़ा और करीब 15 लाख रुपए की नगदी और अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। दोपहर में स्टाफ कार्यालय पहुंचा तो चोरी की जानकारी मिली। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि बदमाश अन्य किसी छत से कार्यालय में घुसे और सामान चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने आसपास लगे हुए कैमरों की जांच करना शुरू कर दिया है।

मांझे से लिपटे पक्षी को मुक्त कराया

जयपुर । नगर निगम हैरिटेज के सतर्कता शाखा के कार्मिकों ने शनिवार को पेड़ पर मांझे से लिपटे हुऐ पक्षी को तडपते देख कर मुक्त करवाया। सतर्कता शाखा के कार्मिक जगदीश सराधना, रघुवीर गुर्जर, अरूण शर्मा, प्रेम दिनेश, सत्यनारायण, रवि व महेश ने ड्यूटी के दौरान पेड़ की डाली पर पक्षी को मांझे से लिपटा हुआ देखा, तो वह पक्षी काफी तड़प रहा था। यह सब देखकर उन्होनें क्रेन से पक्षी को नीचे उतारकर आजाद किया।

जे.जे.एस.में आभूषण प्रेमियों की भीड़ उमड़ी

जयपुर, (का.सं.)। देश की प्रमुख बी2बी और बी2सी एग्जीबिशन, जयपुर ज्वैलरी शो के दूसरे दिन नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में आगंतुकों की भारी भीड़ उमड़ी। जयपुरवासियों के साथ-साथ शहर में आने वाले घरेलू और अंतराष्ट्रीय पर्यटक भी शो में विविध रत्न आभूषणों से मंत्रमुग्ध हो गए। आगंतुक स्टॉल मालिकों से जुड़े और विभिन्न आभूषणों की दुनिया के बारे में जानकारी हासिल की। विशेष रूप से, जेजेएस में इस वर्ष 1100 से अधिक बूथ हैं, जिनमें कई प्रकार के उत्कृष्ट रत्न और आभूषणों, कॉस्ट्यूम और सिल्वर आर्टिकल्स आगंतुकों को आकर्षित कर रहे हैं।

जेजेएस के मानद सचिव राजीव जैन और जेजेएस आयोजन समिति के चेयरमैन विमल चंद सुराणा ने बताया कि इस वर्ष की थीम, एमरल्ड... योर स्टोन, योर स्टोरी, को ध्यान में रखते हए जेजेएस में एमरल्ड रत्न व आभूषणों को एक खास स्थान दिया गया है। जेजेएस के पिछले संस्करण में पन्ना रत्न की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए इस वर्ष भी शो में अन्य रंगीन रत्नों के साथ-साथ पन्ना रत्न को बढ़ावा मिल रहा है। आगंतुकों को शो के माध्यम से एक ही मंच पर देशभर के शीर्ष ज्वैलर्स के नवीन डिजाइन और उत्कृष्ट कारीगरी का खूबसूरत प्रदर्शन देखने का अवसर प्राप्त हुआ है। वहीं जेजेएस में 67 प्रतिशत ब्रांड्स के डिजाइनर बूथ एक प्रमुख आकर्षण बने हुए हैं।

प्रत्येक डिजाइनर बूथ को अद्वितीय नई और इनोवेटिव थीम्स के साथ तैयार किया गया है, जो आगंतुकों को लुभा रहे हैं।

धौलपुर में 'इमाम चौक' की विवादित भूमि को लेकर 15 साल बाद पुनः होगी सुनवाई

जयपुर (कासं)। धौलपुर के बाड़ी कस्बे में "इमाम चौक" की विवादित जमीन के मामले में करीब 15 वर्ष बाद राजस्थान वक्फ ट्रिब्यूनल पुनः नए सिरे से सुनवाई करेगा। राजस्थान हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका को मंजूर करते हुए 30 अप्रैल 2008 को वक्फ ट्रिब्यूनल द्वारा सुनाए गए फैसले पर भी रोक लगाई है। साथ ही कहा है कि वक्फ ट्रिब्यूनल इस मामले में नए सिरे से सुनवाई करेगा, जिसमें दोनों पक्षों को कानून के मुताबिक अपनी बात रखने का मौका मिले। याचिकाकर्ता राजस्थान वक्फ बोर्ड तथा प्रतिवादी मकसूद खां, शफीक खां, महबूब खां, मकबूल खां, मासूम खां

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने वक्फ ट्रिब्यूनल के 30 अप्रैल 2008 के आदेश पर रोक लगाते हुए इस प्रकरण की नए सिरे से सुनवाई करने का आदेश सुनाया**
- **अदालत ने कहा कि, याचिकाकर्ता वक्फ बोर्ड और प्रतिवादी पक्ष 8 जनवरी 2024 से पूर्व वक्फ ट्रिब्यूनल के समक्ष पेश होंगे**

और शकूरन खां को 8 जनवरी 2024 से पहले वक्फ ट्रिब्यूनल के समक्ष पेश होना होगा। राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस नरेन्द्र सिंह ढड्ढा ने 4 दिसंबर को यह आदेश सुनाया।

याचिकाकर्ता राजस्थान वक्फ बोर्ड का कहना था कि धौलपुर के बाड़ी कस्बे में बटवाल पाड़ा मोहल्ले में "इमाम चौक" के नाम से वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। इस जमीन पर पिछले कई वर्षों से बटवालपाड़ा के मुसलिम समुदाय द्वारा ताजिये रखे जाते थे। इस कदीमी इमाम बाडे की 5 बिस्वा जमीन है, जहां पर एक पुख्ता चौकी ताजिया के लिए बनी हुई है। यहां पर प्रतिवादी के परिवार ने मकान बना लिया। जिस पर 24 मई 2006 को रजिस्टर्ड नोटिस भी प्रतिवादी के पिता मकसूद खां को भिजवाया गया था, लेकिन उन्होंने लेने से मना कर दिया। इसके बाद इस विवादित जमीन का मामला वक्फ ट्रिब्यूनल में पहुंचा, जहां पर वक्फ बोर्ड की ओर से पक्ष रखा गया, लेकिन प्रतिवादी पक्ष की ओर से कोई भी ट्रिब्यूनल में सुनवाई के दौरान नहीं पहुंचा था। हालांकि वक्फ ट्रिब्यूनल ने राजस्थान वक्फ बोर्ड का दावा यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि उनके द्वारा प्रस्तुत अभिवचन और मौखिक साक्ष्य, प्रलेखिय साक्ष्य से हटकर मिला है।

टैक्टर चोर गिरोह पकड़ा

जयपुर । बगरू पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के सरगना सहित सात बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से चोरी किए गए दो ट्रैक्टर भी बरामद किए गए है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक बोलेरो भी जब्त की गई है। सभी गिरफ्तार आरोपित कई थानों से वांछित चल रहे है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम संजीव नैन ने बताया कि बगरू पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के बदमाश विजेन्द्र निवासी हलेना भरतपुर, रामचंद्र उर्फ नोमा उर्फ फौजी निवासी हलेना जिला भरतपुर, लोकेन्द्र सिंह निवासी रैणी जिला अलवर, लालचंद लालू निवासी रैणी जिला अलवर, सुखबीर निवासी अलवर, धर्मवीर निवासी जालुकी डीग और गणेश निवासी फागी को दबोचा।

'मानवीय और संवेदनशील एप्रोच के साथ आमजन को उपलब्ध करवाएं बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं : शुभ्रा सिंह

जयपुर । चिकित्सा-स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी एवं कार्मिक मानवीय एवं संवेदनशील एप्रोच के साथ काम करते हुए आमजन को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा में निर्धारित लक्ष्य शीघ्र पूरे किए जाएं। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं हो। उन्होंने निचले स्तर तक कोविड का प्रभावी प्रबंधन करने के भी निर्देश दिए।

सिंह शनिवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति, कोविड प्रबंधन

- **उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति, कोविड प्रबंधन समेत चिकित्सा विभाग के कामकाज पर चर्चा की**

सहित चिकित्सा विभाग से जुड़े अन्य विषयों पर समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज स्तर से लेकर सीएचसी एवं पीएचसी स्तर तक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता में किसी तरह की कमी नहीं रहे। राज्य सरकार के मूलमंत्र सबका साथ-सबका विश्वास-सबका विकास की सोच के साथ चिकित्सा विभाग से जुड़ी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि चिकित्सा संस्थानों में मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ अच्छा व्यवहार हो। उन्हें गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध करवाने के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में समुचित जानकारी संवेदनशीलता के साथ दी जाए। चिकित्सा संस्थान साफ-सुथरे हों। बैड, दवा, जांच आदि की पर्याप्त उपलब्धता हो। चिकित्सा अधिकारी निचले स्तर तक संवाद कर फीडबैक प्राप्त करें, ताकि उन्हें वास्तविक स्थिति की जानकारी मिले सके और व्यवस्थाओं में अपेक्षानुरूप सुधार किया जा सके।